बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-197
19/04/2020

जम्मू–कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर में आतंकियों से मुठभेड़ में शहीद जवान राजीव कुमार शर्मा के प्रति मुख्यमंत्री मर्माहत, जताई गहरी शोक संवेदना

पटना 19 अप्रैल 2020 :– जम्मू–कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर में आतंकियों से मुठभेड़ में वैशाली जिले के रसूलपुर गांव के निवासी सी0आर0पी0एफ0 के वीर जवान राजीव शर्मा के शहीद होने पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश उनकी शहादत को हमेशा याद रखेगा। वे इस घटना से काफी मर्माहत हैं।

मुख्यमंत्री ने वीर सपूत की शहादत पर उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि शहीद जवान का राज्य सरकार की ओर से पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जायेगा।

******